**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

**राजस्थान स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित**

**राजस्थान रंगों की उत्सवधर्मी भूमि**

**स्थापना दिवस तिथि से मनाना भारतीय संस्कृति से नई पीढ़ी को जोड़ने की दृष्टि से महत्वपूर्ण - राज्यपाल**

जयपुर, 12 अप्रैल। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को भारत-भारती संस्था द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राजस्थान स्थापना दिवस कार्यक्रम में कहा कि राजस्थान गौरवमय इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं का प्रदेश है।

उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा राजस्थान दिवस को भारतीय पंचांग से मनाने की घोषणा कर उसकी शुरूआत करने की सराहना की तथा कहा कि भारतीय संस्कृति से नई पीढ़ी को जोड़ने की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण कदम है।

राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान की स्थापना चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हुई उस दिन अंग्रेजी तारीख 30 मार्च का दिन था। उन्होंने लोहपुरुष सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि रियासतों के एकीकरण से आज के राजस्थान की स्थापना की। उन्होंने राजस्थान के इतिहास और गौरव में संस्कृति की चर्चा करते हुए महाराणा प्रताप, महाराणा सांगा जैसे वीरों को भी याद किया।

राजस्थान रंगो की अनुपम धरा है। विविधता लिए यहां के अलग-अलग अचंल और वहां की सांस्कृतिक परम्पराओं, तीज-त्योंहार, उत्सव और पर्व इसकी धरोहर है।

------




भारत भारती


भारत-भारती
जयपुर
राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर